# त्वरित संदर्भ लेने वाली गाइड

**प्रस्ताव 50** **TEXAS के पक्षपातपूर्ण ज़िलों के पुनर्विभाजन के जवाब में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के नक्शों में अस्थायी बदलावों को अधिकृत करता है। विधायी संवैधानिक संशोधन।**

सारांश *विधानसभा द्वारा मतपत्र पर रखा गया*

2030 तक नए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों के अस्थायी उपयोग को ज़रूरी बनाता है। ज़िलों के पुनर्विभाजन के स्वतंत्र नागरिक आयोग को 2031 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों को दोबारा लागू करने का निर्देश देता है। देश भर में ज़िलों के पुनर्विभाजन के निर्दलीय आयोगों का समर्थन करने वाली नीति स्थापित करता है। **राजकोषीय प्रभाव:** नए संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के नक्शों को दर्शाने के लिए चुनाव सामग्री को अपडेट करने के लिए काउंटियों के लिए राज्यव्यापी एक बार की लागतें कुछ मिलियन डॉलर तक।

**आपके मतदान का क्या अर्थ है**

**हाँ** इस विधेयक पर हाँ के मतदान का अर्थ है: राज्य 2026 में शुरू होने वाले नए, विधिवत रूप से तैयार किए गए संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों का उपयोग करेगा। California के नये नक्शे तब तक इस्तेमाल किए जाते रहेंगे जब तक कि California का ज़िलों के पुनर्विभाजन का नागरिक आयोग 2030 की संयुक्त राज्य अमेरिका की जनगणना के बाद नए नक्शे नहीं बनाता है।

**नहीं** इस विधेयक पर नहीं के मतदान का अर्थ है: California के ज़िलों के पुनर्विभाजन के स्वतंत्र नागरिक आयोग (आयोग) द्वारा तैयार किए गए वर्तमान संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शे California में तब तक इस्तेमाल किए जाते रहेंगे जब तक कि आयोग 2030 की अमेरिकी जनगणना के बाद नए नक्शे नहीं बनाता है।

**तर्क**

**फायदा** प्रस्ताव 50—चुनाव में हेराफेरी पर प्रतिक्रिया संबंधी अधिनियम—अगले साल के कांग्रेस के चुनाव में हेराफेरी करने की Donald Trump की योजना का मुकाबला करने के लिए अस्थायी, आपातकालीन संसदीय निर्वाचन ज़िलों के नक्शों को मंजूरी देता है और अगली जनगणना के बाद स्वतंत्र, निर्दलीय ज़िलों के पुनर्विभाजन की California की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। सभी 50 राज्यों में लोकतंत्र के लिए 50 पर हाँ में मतदान करें। *StopElectionRigging.com* पर और जानकारी प्राप्त करें।

**नुकसान** प्रस्ताव 50 को राजनीतिज्ञों द्वारा राजनीतिज्ञों के लिए लिखा गया था—जो चुनावों को निष्पक्ष रखने वाले सुरक्षा उपायों को विघटित करता, स्थानीय समुदायों को एक साथ रखने की आवश्यकताओं को हटाता है, और मतदाता के संरक्षणों को समाप्त करता है जो राजनीतिक दलों के पक्ष में तैयार किए गए नक्शों पर प्रतिबंध लगाते हैं। निष्पक्ष चुनावों की रक्षा करने और राजनेताओं को नहीं—बल्कि नागरिकों को—ज़िलों के पुनर्विभाजन का प्रभारी बनाने के लिए नहीं में मतदान करें।

**अतिरिक्त जानकारी के लिए**

**के पक्ष में**

राज्यपाल Gavin Newsom
50 पर हाँ में मतदान करें, चुनाव में हेराफेरी पर प्रतिक्रिया संबंधी अधिनियम, गवर्नर Newsom की मतपत्र विधेयक कमेटी
555 Capitol Mall, Suite 400
Sacramento, CA 95814
info@stopelectionrigging.com
StopElectionRigging.com

**के विपक्ष में**

प्रस्ताव 50 पर नहीं में मतदान करें—पहले मतदाताओं की रक्षा करें, राजनेताओं को जवाबदेह ठहराएँ द्वारा प्रायोजित किया गया
2350 Kerner Blvd., Suite 250
San Rafael, CA 94901
(916) 446-6572
info@votersfirstact.org
VotersFirstAct.org

# चुनाव के दिन के बारे में जानकारी

मतदान स्थल मंगलवार, 4 नवम्बर, 2025 को सुबह 7:00 बजे से रात 8:00 बजे के बीच खुले रहेंगे। अगर आप रात 8:00 बजे से पहले लाइन में लगे हुए हैं, तो आप अब भी मतदान कर सकते हैं।

# अपने मतदान स्थल या मतदान केंद्र का पता लगाएँ

मतदान स्थलों और मतदान केंद्रों की स्थापना काउंटी चुनाव अधिकारियों द्वारा की जाती है। चुनाव के दिन से कुछ सप्ताह पहले डाक से आपको प्राप्त हुई काउंटी मतदाता सूचना गाइड में आप अपने मतदान स्थल या मतदान केंद्रों के स्थानों का पता लगाएँ।

आप राज्य सचिव की वेबसाइट *vote.ca.gov* पर भी जा सकते हैं या मतदाता हॉटलाइन को हमारे टोल-फ़्री नंबर (888) 345-2692 पर कॉल कर सकते हैं।




4 नवम्बर, 2025 के राज्यव्यापी विशेष चुनाव के चुनाव परिणाम, रात 8:00 बजे मतदान बंद होने के बाद California राज्य सचिव की चुनाव परिणाम वेबसाइट *electionresults.sos.ca.gov* पर उपलब्ध होंगे।

परिणाम चुनाव दिवस की रात 8:00 बजे से पोस्ट किए जाने शुरू कर दिए जाएँगे और चुनाव दिवस की पूरी रात अपडेट किए जाते रहेंगे। इसके बाद के दिनों में, कैनवास के दौरान परिणाम हर दिन शाम 5:00 बजे अपडेट किए जाएँगे जबकि काउंटियाँ शेष मतपत्रों की गिनती कर रही होंगी।

चुनाव के आधिकारिक प्रमाणित परिणाम 12 दिसंबर, 2025 तक *sos.ca.gov/elections* पर पोस्ट किए जाएँगे।